पत्रांक : 2प / वि०मं०–31–01 / 2025 / 15888 / पं०रा०

बिहार सरकार

पंचायती राज विभाग

प्रेषक,

एच० आर० श्रीनिवास, भा०प्र०से०

अपर मुख्य सचिव,

ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना

मनोज कुमार, भा०प्र०से०

सचिव,

पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी,

बिहार।

सभी उप विकास आयुक्त

–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,

जिला परिषद्, बिहार।

पटना, दिनांक 9 / 11 / 2026

विषय : **"मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना" के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से विवाह मंडप निर्माण के संबंध में।**

प्रसंग:– विभागीय संकल्प सं०–8103 दिनांक 27.06.2025।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक संकल्प के आलोक में राज्य के सभी ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना के अंतर्गत चरणबद्ध तरीके से विवाह मंडप का निर्माण कराया जाना है। यह निर्माण वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2029–30 तक पाँच वित्तीय वर्षों में चरणबद्ध तरीके से पूर्ण किया जायेगा। इस हेतु विभागीय पत्रांक–15510 दिनांक 29.12.2025 द्वारा कन्या विवाह मंडप के निर्माण से संबंधित प्राक्कलन एवं नक्शा भी सभी जिलों को उपलब्ध कराया गया है।

विदित हो कि ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1242 दिनाक 22.07.2026 द्वारा विकसित भारत–रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन, ग्रामीण (VB-G RAM G) योजना बिहार 2026 अंतर्गत विकसित ग्राम पंचायत योजना (VGPP) में प्राथमिकता प्राप्त योजनाओं की सूची में "**सामुदायिक उपयोग हेतु विवाह / सामुदायिक भवन का निर्माण**" संसूचित है।

कृ०पृ०उ०

इस संदर्भ में सम्यक विचारोपरांत निम्नलिखित निर्णय लिया जाता है:—

1. "मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना" के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से विवाह मंडप का निर्माण राज्य वित्त आयोग तथा विकसित भारत—रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन, ग्रामीण (VB-G RAM G) योजना मद की राशि का अभिसरण कर विभागीय दिशा—निर्देश के आलोक में कन्या विवाह मंडप का निर्माण कराया जायेगा।
2. विकसित भारत—जी राम जी योजना अंतर्गत योजना का चयन **"समुदाय के लिए विवाह भवन निर्माण"** के तहत किया जायेगा ।
3. विकसित भारत—जी राम जी योजना के तहत चयनित योजना पर व्यय योजना अंतर्गत निर्धारित अधिकतम सीमा के अंदर किया जायेगा ।
4. ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक—1242 दिनांक 22.07.2026 द्वारा दिये गये निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा ।
5. विकसित भारत—जी राम जी योजना अंतर्गत भारित व्यय का आकलन कर ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को संसूचित किया जायेगा ।

अतः अनुरोध है कि इसे वार्षिक कार्य योजना में शामिल कर यथाशीघ्र कार्रवाई प्रारंभ करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

5/11/26

(एच० आर० श्रीनिवास)
अपर मुख्य सचिव

5/11/26.

(मनोज कुमार)
सचिव

ज्ञापांकः 2प/वि०मं०—31—01/2025/1888/...../पं०रा० पटना, दिनांक 9/11/26

प्रतिलिपिः आयुक्त, VB-G RAM G, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

9/11/26

(मनोज कुमार)
सचिव

लगातार...

ज्ञापांकः 2प/वि०मं०–31–01/2025/15888/पं०रा० पटना, दिनांक 9/11/26
प्रतिलिपिः सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6/11/26
(मनोज कुमार)
सचिव

ज्ञापांकः 2प/वि०मं०–31–01/2025/15888/पं०रा० पटना, दिनांक 9/11/26
प्रतिलिपिः आई०टी० प्रबंधक, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

6/11/26
(मनोज कुमार)
सचिव